आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार
दिनांकः 06.10.2024 समय : 18.30 पीएम

- भारतीय वायुसेना ने चेन्नई में 92वें वार्षिक वायुसेना दिवस पर विशाल एयर शो में वायुसैनिक क्षमताओं का किया प्रदर्शन।
- प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर समाज कल्याण सप्ताह के तहत विभिन्न कार्यक्रम हो रहे हैं आयोजित।
- दौसा जिले के लालसोट में डम्पर की टक्कर से पांच लोगों की मृत्यु–10 घायल।
- राज्य के अधिकतर स्थानों पर दिन के तापमान में बढोतरी।

000

वायुसेना की ओर से आज चेन्नई में मरीना बीच पर एयर–शो का आयोजन किया गया। यह आयोजन 92वें वार्षिक वायुसेना दिवस समारोह के शुभारंभ के तौर पर किया गया है। इस शो में लड़ाकू विमान तेजस, मिराज, सुखोई 30 एमकेआई, जगुआर, पोसीडॉन विमान और नवीनतम प्रचंड हेलीकॉप्टर सहित वायु सेना के 72 विमान भाग ले रहे हैं। एयर शो को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। इस वर्ष इस शो को लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज कराने का लक्ष्य है।

000

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन– डीआरडीओ ने चौथी पीढी की कम दूरी वाली हवाई रक्षा प्रणाली की तीन परीक्षण उड़ान सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। यह परीक्षण राजस्थान के पोखरन फील्ड फायरिंग रेंज में किया गया। इन परीक्षणों में काफी ऊंचाई और गति के साथ लक्ष्य को भेदा गया। एक वक्तव्य में रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इन परीक्षणों में अस्त्र प्रणाली की मारक क्षमता की बार–बार पुष्टि हुई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सफल परीक्षण पर डीआरडीओ, सशस्त्र बलों और उद्योग को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि नई मिसाइल से, हवाई ख़तरों से निपटने में सशस्त्र बलों को मज़बूती मिलेगी।

000

कर्नाटक के राज्यपाल थावर चंद गहलोत ने कहा है कि वर्तमान दौर में मानसिक समस्याओं का समाधान आध्यामिकता में निहित है। उन्होंने कहा कि जब हम आध्यात्म से जुड़ते हैं तो समस्याओं के समाधान की तरफ बढ़ते हैं। श्री गहलोत ने लोगों से आध्यात्म से जुड़ने का आह्वान किया।

सिरोही जिले के आबूरोड स्थित ब्रह्माकुमारीज संस्थान में चल रहे वैश्विक शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने आज ये बात कही। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सामाजिक समता और समरसता बनाने की आवश्यकता है। सम्मेलन में केंद्रीय जल शक्ति राज्यमंत्री राज भूषण चौधरी ने कहा कि सनातन में प्रकृति पूजन की परम्परा रही है और आज के इस दौर में इस प्रवृति के समाप्त होने से दुष्परिणाम सामने आ रहे हैं। उन्होंने जलवायु परिवर्तन के संकट से निपटने के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत लोगों से ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने का

भी आह्वान किया। केन्द्रीय कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री जयन्त चौधरी आज नागौर जिले के दौरे पर रहे। इस दौरान श्री चौधरी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि राजस्थान ने पीएम विश्वकर्मा योजना में अच्छा काम किया है। उन्होंने नागौरी नस्ल के बछड़ों के परिवहन पर लगी रोक को लेकर कहा वे प्रयास करेंगे कि नागौरी बैलों का परिवहन राजस्थान से अन्य राज्यों में आसानी से हो।

000

प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर समाज कल्याण सप्ताह के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में सवाईमाधोपुर में सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग की ओर से आयोजित समाज कल्याण सप्ताह आज जन चेतना दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर सरकारी छात्रावास और राजकीय संप्रेषण ग्रह में जन चेतना के कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान विद्यार्थियों को नशा मुक्ति तथा शिक्षा से जोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

पाली में सप्ताह के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। राजकीय सम्प्रेषण और किशोर गृह में बालकों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर बाल गृह में श्रमदान कर साफ—सफाई की गई।

000

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत साफ—सफाई और सुव्यवस्था में श्रेष्ठ आने वाले पशु चिकित्सा संस्थानों को जिला और राज्य स्तर पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह जानकारी देते हुए विभाग के शासन सचिव समित शर्मा ने बताया कि विश्व पशु कल्याण दिवस के अवसर पर प्रत्येक जिला स्तर पर तीन— तीन और राज्य स्तर पर दस सर्वश्रेष्ठ संस्थानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। गौरतलब है कि राज्य स्तर पर प्रथम स्थान पॉलीक्लिनिक सवाईमाधोपुर को मिला है जबकि दूसरा स्थान चुरू के मलासी पशु चिकित्सालय को मिला है। डॉ शर्मा ने बताया कि स्वच्छ और व्यवस्थित संस्थान वहां काम करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्य कुशलता, सकारात्मकता और उत्पादकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

....................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में पहले सौ दिनों में किये गये महत्वपूर्ण कामों के बारे में जानकारी देने के लिए आकाशवाणी जयपुर के प्रादेशिक समाचार बुलेटिनों में विशेष श्रृंखला चलाई जा रही है। आज हम आपको डाक विभाग द्वारा इस दौरान की गई पहल के बारे में बता रहे हैं।

.......................

दौसा जिले के लालसोट में आज बेकाबू डम्पर ने बस स्टैण्ड पर खड़े करीब 15 लोगों को टक्कर मार दी। इस हादसे में पांच लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। जबकि हादसे में 10 लोग घायल हो गये। घायलों में से चार को गंभीर अवस्था में लालसोट से जयपुर रैफर किया गया है, इधर हादसे के बाद लोगों ने नाराजगी जताते हुए प्रदर्शन भी किया। प्रारम्भिक जानकारी के अनुसार डम्पर के ब्रेक फेल होने से कई मोटरसाईकिल और राहगीर उसकी चपेट में आ गये। इस हादसे को लेकर राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने गहरी संवेदना व्यक्त की है।

000

शारदीय नवरात्र के चौथे दिन आज मां दुर्गा के कुष्मांडा स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट पर मां दुर्गा को नमन करते हुए अपने संदेश में कहा कि माता की कृपा से सभी का जीवन आयुष्मान हो। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस अवसर पर शुभकामनाएं देते हुए सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि मां जगदम्बा की असीम अनुकम्पा से प्रदेशवासियों का जीवन सुख, समृद्धि और खुशहाली से परिपूर्ण हो। नवरात्र के दौरान प्रदेशभर के मन्दिरों, शक्ति पीठों और घरों में विशेष अनुष्ठान हो रहे हैं। बांसवाड़ा जिले के नौगामा और गोपीनाथ का गडा में नवरात्र के अवसर पर लोक देवता कल्लाजी मंदिरों पर मेले का आयोजन किया जा रहा है। वहीं करौली जिले में स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ कैला देवी मन्दिर में भी विशेष अनुष्ठान किये जा रहे हैं। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

......................

सीकर जिले में स्थित खाटू श्याम मन्दिर के कपाट नौ अक्टूबर को बंद रहेंगे। ऐसे में श्रद्धालु मंदिर में बाबा के दर्शन नहीं कर पाएंगे। श्री श्याम मंदिर कमेटी ने इस संबंध में सूचना जारी की है। गौरतलब है कि खाटू श्याम जी मंदिर में विशेष पूजा के कारण महीने में एक बार ऐसी व्यवस्था की जाती है। पंरपरा के अनुसार महीने में एक बार मंदिर में तिलक श्रृंगार और विशेष पूजा की जाती है। जिसके कारण श्रद्धालुओं के लिए बाबा के कपाट बंद रखे जाते है।

000

प्रदेश में मॉनसूनी बारिश का दौर थमने के साथ ही ज्यादातर स्थानों पर दिन के तापमान में बढोतरी देखी जा रही है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य में सबसे ज्यादा 39 डिग्री सेल्सियस तापमान श्रीगंगानगर में दर्ज हुआ। टोंक में आज हुई हल्की बूंदाबांदी से लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार कल राज्य में अधिकांश स्थानों पर मौसम शुष्क रहने की संभावना है। बुधवार को बीकानेर, जयपुर और भरतपुर संभागों में कहीं–कहीं पर बारिश होने का पूर्वानुमान है।

000

मुख्यमंत्री आवास पर आज पहली बार जैन धर्म के सामूहिक क्षमावाणी कार्यक्रम का आयोजन रखा गया। जैन मुनियों के सानिध्य में हुए इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा तथा बड़ी संख्या में जैन समाज के प्रबुद्धजनों ने भाग लिया। जैन मुनियों ने मुख्यमंत्री को आशीर्वाद दिया।

000

आज विश्व सेरेब्रल पाल्सी दिवस है। यह दिवस सेरेब्रल पाल्सी के बारे में जागरुकता बढ़ाने और इससे पीड़ित लोगों के प्रति सम्मान करने के उद्देश्य से मनाया जाता है। सेरेब्रल पाल्सी मस्तिष्क में नुकसान से पैदा होने वाली समस्या है। यह क्षति प्रसव के दौरान या जन्म के बाद लगभग तीन वर्ष तक हो सकती है। इस अवसर पर आज देशभर में कई जागरुकता कार्यक्रम हो रहे हैं।

000

पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 18वीं किस्त के जारी होने से प्रदेशभर के 70 लाख 36 हजार 501 किसानों को फायदा पहुंचा है। 1 हजार 546 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि किसानों के खातों में हस्तांतरित की गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल महाराष्ट्र के वाशिम में आयोजित कार्यक्रम से ये राशि जारी की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी वीडियो कॉन्फ्रेन्स के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े। इस दौरान राज्यसभा सांसद और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ भी मुख्यमंत्री के साथ मौजूद रहे।

000